web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, सोमवार 20 जनवरी 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 113

# आप ने पेश किया केजरीवाल का गारंटी कार्ड, किए 10 वादे

**नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल जल्द ही आम आदमी पार्टी का आधिकारिक घोषणापत्र केजरीवाल का गारंटी कार्ड को अन्य वरिष्ठ पार्टी नेताओं की मौजूदगी में जारी किया. इस गारंटी कार्ड में 10 वादों का जिक्र है, जिनमें पानी, ट्रांसपोर्ट और बिजली समेत कई अन्य मुद्दे शामिल हैं।**

### » दिल्ली विधानसभा चुनाव




केजरीवाल गारंटी कार्ड में हर घर में पानी, प्रदूषण मुक्त शहर, महिला सुरक्षा, मुफ्त बिजली (200 यूनिट), भूमिगत केबल, अवैध कॉलोनियों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर, जहां झुग्गी वहां घर, सार्वजनिक परिवाहन, शिक्षा, स्वच्छ दिल्ली और शौचालय संबंधी वादे किए गए हैं। केजरीवाल ने कहा कि अगले पांच साल के भीतर दिल्ली की जनता को एकदम साफ और 24 घंटे पानी मिलेगा. सीएम ने कहा कि 20,000 लीटर मुफ्त पानी की सुविधा जारी रहेगी. उन्होंने कहा कि जो बच्चा दिल्ली में जन्म लेगा उसे 12वीं तक की शिक्षा मुफ्त में मिलेगी. नए स्कूल खोले जाएंगे और व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

हेल्थ के मुद्दे पर सीएम केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के हर परिवार को मुफ्त और अच्छा इलाज हमारी गारंटी है. इस दिशा में भी हमारी सरकार ने काफी कदम उठाए हैं. मोहल्ला और पॉली क्लीनिक खोले जाएंगे. पूरी दिल्ली में ऐसी व्यवस्था बनाएंगे कि दिल्ली के किसी भी नागरिक को बेहतर से बेहतर सुविधा मिले।

ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर केजरीवाल ने कहा कि 11,000 से ज्यादा बसें सड़कों पर होंगी. 500 से ज्यादा किलोमीटर का मेट्रो रूट बनाया जाएगा. उन्होंने कहा कि महिलाओं को जो फ्री बस सेवा दी जा रही है वह जारी रहेगी. उन्होंने कहा कि हम स्टूडेंट्स को भी फ्री ट्रांसपोर्ट मुहैया कराएंगे।

प्रदूषण के मुद्दे पर केजरीवाल ने कहा कि 21 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाए जाएंगे. सीएम ने कहा कि धूल मिट्टी ना उड़े इसलिए वैक्यूम क्लिनिंग कराएंगे. सीएम ने कहा कि इसी प्रक्रिया में यमुना भी साफ होगी। सीएम ने कहा कि बस मार्शल की तर्ज पर मोहल्ला मार्शल लगाएंगे, ताकि महिलाओं की सुरक्षा हो सके. उन्होंने कहा कि डेढ़ लाख सीसीटीवी लग गए।

डेढ़ लाख और लग रहे हैं. हम महिलाओं की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि जहां झुग्गी है वहां पक्का घर बनाएंगे और उस सभी मूलभूत सुविधाओं से लैस करेंगे।

बताया गया कि आप केजरीवाल गारंटी कार्ड के साथ डोर-टू-डोर कैंपेन करेगी और लोगों को दिल्ली सरकार के द्वारा पिछले पांच वर्षों में किए गए काम का लेखाजोखा देगी। सीएम अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने इस कार्ड के साथ देश की राजधानी के 35 लाख घरों तक जाने और अपनी उपलब्धियां बताने का लक्ष्य रखा है। वहीं, सत्तारूढ़ पार्टी का पूरा घोषणापत्र 26 जनवरी के बाद आने की संभावना जताई गई है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली में छाया हल्का कोहरा, न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सीजन का औसतन तापमान है। मौसम विभाग के अनुसार, सुबह शीतलहर चलने के साथ ही हल्का कोहरा छाया रहा, वहीं दृश्यता 600 मीटर दर्ज की गई। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार, क्षेत्र का अधिकतम तापमान 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा, शहर में रविवार की सुबह हल्का कोहरा छाया रहा। दिन के दौरान आसमान साफ रहेगा। वहीं आईएमडी के अनुसार रविवार की सुबह आद्रता 97 प्रतिशत रही। शहर का शनिवार को अधिकतम तापमान 17.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस था।

### दिल्ली आ रहीं 17 ट्रेनें 1.30 से 3.30 घंटे तक लेट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली आ रही 17 ट्रेनें रविवार को 1.30 घंटे से लेकर 3.30 घन्टों तक देर से चल रही हैं। सबसे ज्यादा देरी से वाराणसी-नई दिल्ली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 3.30 घंटे की देरी से दिल्ली पहुंच रही है। रेलवे विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इनके अलावा इलाहाबाद-आनन्द विहार हमसफर एक्सप्रेस 2.15 घंटे, गाजीपुर-आनन्द विहार एक्सप्रेस 2.30 घंटे, कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस 2.15 घंटे, पुरी-नई दिल्ली पुरुषोतम एक्सप्रेस 2.15 घंटे, गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस 2.45 घंटे, डिब्रूगढ़-नई दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल 1.45 घंटे, हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस तीन घंटे, भागलपुर-आनन्द विहार विक्रमशिला एक्सप्रेस 2.30 घंटे, यशवंतपुर-निजामुद्दीन के.एस. क्रांति एक्सप्रेस 2.30 घंटे और प्रतापगढ़-नई दिल्ली पद्मावत एक्सप्रेस 2.15 घंटे की देरी से चल रही हैं।

### रेलवे क्षेत्र को बदलने में डीएफसी से प्रभाव पड़ेगा:गोयल

**» डीएफसीसीआईएल का 14 वां स्थापना दिवस**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (डीएफसीसीआईएल) का 14वाँ स्थापना दिवस 18 जनवरी, 2020 को नई दिल्ली में मनाया गया। इस अवसर पर रेल, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 500 किलोमीटर डेडिकेटेड फेट कॉरिडोर को पूरा करने के लिए टीम डीएफसीसीआईएल को बधाई दी और मार्च 2020 तक 991 किलोमीटर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए टीम को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि रेलवे सेक्टर को बदलने में डीएफसी प्रभाव डालेगा। माल ढुलाई और यात्रियों दोनों के लिए तीव्र गति सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग ट्रैक होना आवश्यक है। पीयूष गोयल ने कहा कि भारतीय रेलवे को मार्ग के अधिकतम इस्तेमाल और मालगाड़ियों की औसत गति बढ़ाने के लिए काफिलों में चलाना चाहिए। ठीक उसी प्रकार से जिस तरह आईआरसीटीसी अपनी तेजस ट्रेनों में देरी के लिए मुआवजे का भुगतान करता है, रेलवे के माल ग्राहकों को मालगाड़ियों के देर से आने पर मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने डीएफसीसीआईएल पर चलने वाली मालगाड़ियों को समय सारणी के अनुसार चलाने पर जोर दिया।

### प्राचीन भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन और उनका संरक्षण समय की मांग:नायडू

**चेन्नई (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति, एम. वेंकैया नायडू ने कहा है कि प्राचीन भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन और अनका संरक्षण समय की मांग है क्योंकि वे हमारे प्राचीन सभ्यतागत मूल्यों, ज्ञान और विवेक को एक सीमित समय में अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने प्रत्येक मातृभाषा के प्रचार के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन का भी आह्वान किया।

## कर्नाटक में दुष्कर्म के दो आरोपियों को मृत्यु दंड

**चिकमंगलुरु (आरएनएस)।** चिकमंगलुरु की एक अदालत ने 18 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में दो लोगों को मृत्युदंड की सजा दी है।



अदालत ने 2016 के दुष्कर्म और हत्या के मामले में प्रदीप एम (32) और संतोष (24) को फांसी की सजा सुनाई। दोनों ने कॉलेज से लौट रही एक 18 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार किया था। यह मामला 16 फरवरी 2016 कर्नाटक में श्रृंगेरी तालुक के वाईकुंटापुर इलाके का है।

लड़की के साथ बलात्कार करने के बाद दोनों ने उसके शव को एक बंद हो गए कुएं में फेंक दिया था। लड़की के पिता ने श्रृंगेरी पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया था। पुलिस निरीक्षक सुधीर एम हेगडे ने इस मामले की जांच कर आरोप पत्र दाखिल किया था। प्रधान जिला एवं सत्र जज उमेश एम अदिग ने 18 जनवरी को फैसला देते हुए दोनों को फांसी की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

## उद्धव के बयान से बढ़ा विवाद, शिरडी आज बंद, सड़कों पर सन्नाटा

**शिरडी (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा साई जन्मस्थान को लेकर दिए गए बयान के बाद विवाद गहराता जा रहा है। आज से शिरडी शहर में बंद बुलाया गया है। हालांकि बाबा के भक्तों के लिए मंदिर के कपाट खुले हुए हैं। शहर बंद होने के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है और सभी दुकानें बंद हैं। विवाद बढ़ता देख राज्य के मुख्यमंत्री ने बातचीत की इच्छा जताई है।

गौरतलब है कि शिरडी के साई बाबा को लेकर विवाद उस समय पैदा हुआ जब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने परभणी जिले के पाथरी में साई बाबा जन्मस्थान पर सुविधाओं का विकास करने के लिए 100 करोड़ रुपये की राशि आवंटित करने की घोषणा की थी। कुछ श्रद्धालु पाथरी को साई बाबा का जन्मस्थान मानते हैं जबकि शिरडी के लोगों का दावा है कि उनका जन्मस्थान अज्ञात है।

### » साईं जन्मस्थान



स्थानीय भाजपा विधायक राधाकृष्ण विखे पाटिल ने कहा कि उन्होंने स्थानीय लोगों द्वारा बुलाए गए बंद का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री को साई बाबा का जन्मस्थान पाथरी होने संबंधी बयान को वापस लेना चाहिए। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा, देश के कई साई मंदिरों में एक पाथरी में भी है। सभी साई भक्त इससे आहत हुए हैं, इसलिए इस विवाद को खत्म होना चाहिए।

शिरडी स्थित श्री साईबाबा संस्थान न्यास के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक मुगलीकर ने बताया कि बंद के बावजूद मंदिर खुला रहेगा। मुगलीकर ने कहा, मुख्यमंत्री को साई बाबा का जन्मस्थान पाथरी होने संबंधी दिए बयान को वापस लेना चाहिए।

## शिमला-कुफरी में भारी बर्फबारी

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के मशहूर पर्यटन स्थल शिमला और इसके आस-पास स्थित स्थानों में भारी बर्फबारी होने से तापमान में और भी ज्यादा गिरावट आई। हालांकि रविवार की सुबह यहां धूप खिली रही। मौसम विभाग के मुताबिक, शिमला में शनिवार की शाम को हल्की बर्फबारी हुई जबकि इसके आस-पास स्थित कुफरी और नारकंडा में मध्यम बर्फबारी हुई। कुफरी में तीन सेंटीमीटर हिमपात हुआ और यहां न्यूनतम तापमान शून्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। शिमला में जहां बर्फ काफी हद तक पिघल गई वहीं कुफरी में बर्फ अच्छी मात्रा में मौजूद है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, लाहौल और स्पीति, चंबा, मंडी, कुल्लू, किन्नौर और शिमला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मध्यम बर्फबारी हुई। लाहौल और स्पीति के मुख्यालय केलांग में न्यूनतम तापमान शून्य से 14.6 डिग्री नीचे दर्ज किया गया जबकि किन्नौर जिले के कल्पा में तापमान शून्य से 8.4 डिग्री नीचे रहा। रिपोर्ट के अनुसार, किन्नौर जिले के रिब्बा गांव में शनिवार को हिमस्खलन हुआ हालांकि इससे जान-माल को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। मनाली में अभी भी बर्फ की चादर बिछी हुई है और यहां न्यूनतम तापमान शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मनाली से सिर्फ 13 किलोमीटर की दूरी पर स्कीइंग के लिए बर्फीले ढलानों में बर्फ की तीन फीट से अधिक मोटी परत जमा हो गई है।

## 16 हजार किमी लंबी मानव श्रृंखला बनाकर बिहार ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

**पटना (आरएनएस)।** जल-जीवन-हरियाली मिशन के साथ नशा मुक्ति, बाल विवाह रोकथाम और दहेज प्रथा उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान के तहत रविवार को बिहार में मानव श्रृंखला बनाई गई. तकरीबन 4.25 करोड़ लोगों की भागीदारी के साथ 16 हजार किमी से अधिक लंबी कतार बनाकर बिहार ने विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है. मानव श्रृंखला का मुख्य आयोजन पटना के गांधी मैदान में हुआ, जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में मानव श्रृंखला बनाई गई.

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी और विधानसभा के अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी हिस्सा लेंगे. इनके अलावा बिहार सरकार के आला अधिकारियों का दल भी एक दूसरे के हाथ से हाथ जोड़े खड़े रहे. बता दें कि इसके पहले बिहार ने साल 2017 में नशा मुक्ति (शराबबंदी) अभियान को सफल बनाने के लिए विश्व की सबसे लंबी 11,292 किमी

### » गिनिज बुक में दर्ज होगा नाम



मानव श्रृंखला बनाई थी जो एक रिकॉर्ड था. अपने इस रिकॉर्ड को बिहार ने वर्ष 2018 में दहेज प्रथा एवं बाल विवाह के खिलाफ 13,654 किमी लंबी मानव श्रृंखला बनाकर तोड़ा था. एक बार फिर 16 हजार किमी से अधिक लंबी कतार बनाकर बिहार रिकॉर्ड बना दिया। इस बार की मानव श्रृंखला के लिए हेलीकॉप्टर से फोटोग्राफी की गई, जिसे गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड को भेजा जाएगा. मानव श्रृंखला के सफल आयोजन के लिए नोडल शिक्षा विभाग ने सभी विभागों को इसमें शामिल होने का निर्देश दिया गया था. इसके चलते रविवार को सभी सरकारी दफ्तर खोले गए।

## प्रधानमंत्री आज करेंगे छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत

**» परीक्षा पे चर्चा 2020**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ परीक्षा पे चर्चा 2020 पर बातचीत करेंगे। स्कूली छात्रों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत के तीसरे संस्करण परीक्षा पे चर्चा 2020 का आयोजन 20 जनवरी को सुबह 11 बजे नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सवालों के जवाब देंगे और चयनित छात्रों के साथ बातचीत में बताएंगे कि वे परीक्षा के तनाव को कैसे कम कर सकते हैं।

छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है, वो सिर्फ इसलिए नहीं कि वे एक अनूठे कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं बल्कि इसलिए भी कि उन्हें प्रधानमंत्री से बहुमूल्य सुझाव मिलेंगे। प्रधानमंत्री हमेशा यह सुनिश्चित करने के इच्छुक रहे हैं कि छात्र शांत वातावरण में परीक्षा दें और किसी तरह के तनाव में न आएं ताकि लम्बी अवधि में बेहतर नतीजे सुनिश्चित किए जा सकें।



स्कूल और कॉलेज के छात्रों के साथ प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम का पहला संस्करण परीक्षा पे चर्चा 1.0 का आयोजन 16 फरवरी, 2018 को तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में किया गया था। स्कूल और कॉलेज के छात्रों के साथ इस कार्यक्रम के दूसरे संस्करण परीक्षा पे चर्चा 2.0 का आयोजन 29 जनवरी, 2019 को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हुआ था।

## भाजपा हार्दिक को लगातार परेशान कर रही: प्रियंका

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उनकी पार्टी के नेता हार्दिक पटेल को लगातार परेशान करने का आरोप लगाया है। प्रियंका का यह बयान साल 2015 के एक राजद्रोह के मामले में हार्दिक के ट्रायल कोर्ट के समक्ष पेश न होने पर अहमदाबाद जिले के विरमगाम तालुका से उन्हें गिरफ्तार किए जाने के अगले दिन आया है।



प्रियंका ने ट्वीट किया, किसानों के अधिकार और युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हार्दिक पटेल जी को भाजपा लगातार परेशान कर रही है। हार्दिक अपने समाज के लोगों के लिए आवाज उठा रहे हैं, उनके लिए नौकरी और छात्रवृत्ति की मांग कर रहे हैं। वह किसान आंदोलन को आगे ले जा रहे हैं। प्रियंका ने आगे कहा, भाजपा उसे देशद्रोह का नाम दे रही है।

अहमदाबाद में 25 अगस्त 2015 में एक रैली के दौरान पटेल समुदाय की एक जनसभा के दौरान हिंसा होने के बाद क्राइम ब्रांच ने पटेल पर देशद्रोह का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था। आरक्षण नेता को जुलाई 2016 में जमानत मिल गई थी, जबकि कोर्ट ने नवंबर 2018 में उनके और संबंधित लोगों के खिलाफ आरोप तय किया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बी.जी. गनात्रा द्वारा गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी करने के कुछ ही घंटों के बाद पटेल को शनिवार को गिरफ्तार किया गया।

## झारखण्ड में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर खींचतान

**रांची (आरएनएस)।** कांग्रेस नेतृत्व को अब झामुमो के रूख का इंतजार है। कांग्रेस कोटे के दो मंत्रियो को सरकार संचालन में अभी तक भागीदारी नही बनाए जाने की नाराजगी से झारखंड मुक्ति मोर्चा को अवगत कराया गया है।

शपथ ग्रहण करने के 20दिन बाद भी तीनों मंत्रियो कोई को कार्यालय उपलब्ध नहीं कराने की शिकायत भी आलाकमान से की गई है। झारखण्ड में मंत्रिमंडल विस्तार का पेंच अभी सुलझा नही है। 21 जनवरी को दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस



महासचिव के सी वेणुगोपाल की संभावित बातचीत के बाद को बाद ही आगे का रूख साफ होने की संभावना है। बीते 12-15 जनवरी के बीच दिल्ली में दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व के बीच हुई वार्ता में कांग्रेस ने अपनी मांगो की गेंद मुख्यमंत्री को पाले में डाल दी थी। कांग्रेस नेतृत्व को अब झामुमो की रूख का इंतजार है। झारखंड में मंत्री मंडल विस्तार 23जनवरी के बाद होने की संभावना जताई जा रहीं है। मुख्यमंत्री 20-21 जनवरी को दिल्ली में रहेंगे। इस दौरान मंत्रिमंडल विस्तार को अन्तिम मोहर लगेगी। इस बीच चर्चा है कि राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के भी प्रदेश से बाहार रहने की चर्चा है।